दिन– मंगलवार

दिनांक– 14/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत को जलवायु स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे।

02. प्रदेश में मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गंगा समेत अन्य नदी घाटों पर पवित्र स्नान के लिए उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़।

03. राज्य में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले दस हजार से अधिक वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

04. और, मुंगेर की अंशिका विश्वकप तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक सौ पचासवें स्थापना दिवस के अवसर पर मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाना है। एक रिपोर्ट––

––रिपोर्ट–––

———————————————————————

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। यह पर्व हेमंत ऋतु की समाप्ति और शिशिर ऋतु के आगमन का प्रतीक है। आज से ही दिन की अवधि बढने लगती है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण हो जाते हैं। आज खरमास की समाप्त होने के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। इस अवसर पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान कर रहे हैं। पटना जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर उत्सव का माहौल है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा नदी के किनारे अहले सुबह से ही स्नान करने के लिए लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

———रिपोर्ट———

पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, और काली घाट समेत अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। राजधानी के दीघा घाट और मरीन ड्राइव के आसपास के क्षेत्रों में भी उत्सव का खास माहौल बना हुआ है। लोगों ने पवित्र स्नान कर पूजा–अर्चना की और दान–पुण्य किया। इस पर्व के मुख्य आकर्षण तिलकुट, चूड़ा और दही की बाजारों में भारी मांग देखी जा रही है। मकर संक्रांति पर पतंगबाजी की परंपरा भी जोरों पर है। जिले के विभिन्न हिस्सों में बच्चे और बड़े, सभी आसमान में रंग–बिरंगी पतंगें उड़ाने का आनंद ले रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

मुंगेर जिले में भी पर्व को लेकर विशेष तैयारी की गयी है। गंगा नदी के कष्टहरणी, बबुआ, सोझी और कंकड़ घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से.......

———रिपोर्ट———

पर्व को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचकर स्नान कर रहे है। गंगा नदी के कष्टहरणी, बबुआ, सोझी और कंकड़ घाटों पर भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पूरी व्यवस्था की है। घाटों पर एसडीआरएफ, गोताखोर, दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थानीय स्तर पर कष्टहरणी गंगा घाट का महत्व ज्यादा होने के कारण यहां श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक है। स्नान के बाद लोग पूजा पाठ कर गरीबो का दान पुण्य कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि आस्था की नगरी बक्सर में भी पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। आज सुबह से ही अब तक गंगा नदी के रामरेखा घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों लोगों ने डुबकी लगाई है।

———रिपोर्ट———

इधर, पटना और बक्सर सहित अन्य जिलों में एहतियात के तौर पर गंगा समेत अन्य नदियों में निजी नावों का परिचालन आज और कल रोक लगा दी गयी है।

मकर संक्रांति के अवसर पर गया में पर्यटन विभाग की ओर से तपोवन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी आज महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, बांका में आज से मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला शुरू हो रहा है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल और खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता संयुक्त रूप से इसका उद्‌घाटन करेंगे।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से इस पर्व को पारंपरिक हर्षोल्लास और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की है।

———————————————————————

राज्य में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले दस हजार से अधिक वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जाएगा। इनमें पांच हजार से अधिक वाहन चालक सिर्फ पटना के हैं। मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ के भी वाहन चालक बड़ी संख्या में शामिल हैं। यातायात विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक, एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि तीन या तीन से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को चिह्नित कर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की अनुशंसा की जा रही है।

———बाईट———

एडीजी श्री कुमार ने बताया कि परिवहन नियमों के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित होने के बाद कम से कम तीन महीने तक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

———————————————————————

पटना शहरी क्षेत्र के यातायात व्यवस्था की पूरी कमान महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में होगी। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि छब्बीस जनवरी से पटना के सभी प्रमुख चौवन चेक पोस्ट पर महिला पुलिस बल के जवान तैनात किये जाएंगे। इन चेकपोस्ट के लिए साठ से अधिक महिला पुलिस पदाधिकारियों और दो सौ पचास से अधिक महिला पुलिसकर्मियों और होमगार्ड कर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही बिहार पुलिस की आठ डाल्फिन गाड़ियां भी पटना ट्रैफिक पुलिस को दी गई हैं। इनपर चालक से लेकर सिपाही तक सभी महिलाएं होंगी।

———————————————————————

और अब खबरे महाकुंभ की............

———म्यूजिक——

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर प्रथम अमृत स्नान जारी है। तेरह अखाड़ों में से प्रत्येक अखाड़े को उसके निर्धारित समय और क्रम की सूचना दे दी गई है। महानिर्वाणी पंचायती अखाड़े को त्रिवेणी संगम पर सबसे पहले और श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल को अंत में अमृत स्नान का क्रम निर्धारित किया गया है। इस भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। कल पौष पूर्णिमा पर दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भव्य समागम में एक करोड़ पचास लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। महाकुंभ छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलेगा।

———म्यूजिक——

———————————————————————————

प्रदेश के तापमान में उतार—चढ़ाव की स्थिति बनी हुयी है। पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। इस अवधि में नौ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ वाल्मिकीनगर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाइट————

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बनाए गए हैं। कानून मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार को पटना उच्च न्यायालय का कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने कल आयोजित होने वाली यूजीसी—नेट परीक्षा स्थगित कर दिया है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। एनटीए के अनुसार कल पंद्रह जनवरी को मकर संक्रांति, पोंगल और अन्य त्योहार होने के कारण

यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। एजेंसी के अनुसार सोलह जनवरी को होने वाली परीक्षा पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के जमालपुर की रहने वाली अंशिका का चयन इस वर्ष आयोजित होने वाले तीरंदाजी विश्वकप टीम के लिए किया गया है। भारतीय तीरंदाजी टीम में अंशिका के चयन पर बिहार राज्य खेल विकास प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बधाई देते हुए कहा कि यह बिहार के लिए गर्व की बात है।

इधर, आठवीं मिक्स मार्शल आर्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य के सुमित कुमार ने सीनियर मैन इवेंट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

केरल में खेली जा रही दृष्टिबाधित राष्ट्रीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने अपने पहले लीग मैच में विदर्भ को सात विकेट से पराजित कर दिया। टीम में राजधानी पटना के अंतर ज्योति बालिका विद्यालय की मनीषा, रूमन, मोनिका और रागनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री की समस्तीपुर में प्रगति यात्रा को बड़ी खबर बनाते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा पर लिखा है – बलान नदी से गाद की उड़ाही होगी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – चुनाव आयोग मतदाताओं को बतायेगा, राज्य के वित्तीय सेहत। मुख्य सचिव से मांगा जाएगा राज्य की आय, खर्च और कर्ज का ब्योरा।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – सामने आएगा राजगीर के साइक्लोपियन वॉल का सच। वैज्ञानिकों का शोध शुरू। चालीस किलोमीटर की लंबाई में है साइक्लोपियन वॉल।

**प्रभात खबर** ने मकर संक्राति को प्रमुखता देते हुए लिखा है – गया के तिलकुट की महक विदेशों तक पहुंची। इस साल पचहत्तर हजार किलो तिलकुट के कारोबार का अनुमान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत को जलवायु स्मार्ट राष्ट्र बनाने के लिए मिशन मौसम का शुभारंभ करेंगे।

02. प्रदेश में मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गंगा समेत अन्य नदी घाटों पर पवित्र स्नान के लिए उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़।

03. राज्य में ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले दस हजार से अधिक वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

04. और, मुंगेर की अंशिका विश्वकप तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।